# टीआरएफ लिमिटेड
A TATA Enterprise

निबंधित कार्यालय : 11, स्टेशन रोड, बर्मामाइंस, जमशेदपुर - 831007
फोन : 91 657 3046 326, फैक्स : 91 657 2345732, ईमेल : investors@trf.co.in
CIN: L74210JH1962PLC000700 वेबसाईट : www.trf.co.in


## सूचना

एतद् द्वारा सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 110 सहपठित समय-समय पर संशोधित कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 तथा अधिनियम में यदि कोई हो, अन्य लागू योग्य प्रावधान, सेबी (सूचीबद्धता के उत्तरदायित्व तथा प्रकटीकरण की आवश्यकताएं) नियम, 2015 सहित अन्य लागू योग्य नियम एवं कानून के अनुरूप कंपनी डाक मतपत्र (ई-वोटिंग सहित) के माध्यम से अपने सदस्यों की स्वीकृति दिनांक 26 जुलाई, 2019 के डाकमतपत्र की सूचना में निहित विशिष्ट प्रस्ताव हेतु चाहती है।

**विशेष प्रस्ताव :** हेविट रॉबिन्स इन्टरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड (कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी के एक कदम नीचे) में कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी टीआरएफ सिंगापुर प्रा0 लि0 के साथ-साथ इसकी 100% सहायक हेविट रॉबिन्स इन्टरनेशनल लिमिटेड की 100% हिस्सेदारी की बिक्री के लिए स्वीकृत।

कंपनी ने अपने सभी सदस्यों को 'रजिस्ट्रार एंड शेयर ट्रान्सफर एजेन्ट एंड डिपॉजीटरीज' से प्राप्त सदस्यों / लाभुकों स्वामियों के रजिस्टर में 30 जुलाई, 2019 (कट-ऑफ तिथि) तक जिनके नाम दर्ज पाए गए हैं, कंपनी ने डाक मतपत्र प्रपत्र और स्वापतायुक्त व्यावसायिक उत्तर हेतु लिफाफा के साथ डाक मतपत्र की सूचना का प्रेषण 19 जुलाई, 2019 को पूरा कर लिया है।

ऐसे सदस्यों जिनका ईमेल पता कंपनी / डिपॉजीटरी पार्टीसिपेन्ट्स (DP) में उपलब्ध है डाक मतपत्र की सॉफ्ट कॉपी में सूचना कथित दस्तावेजों के साथ ईमेल के माध्यम से 30 जुलाई 2019 को प्रेषित कर दी गई है। कथित दस्तावेज कंपनी की वेबसाईट www.trf.co.in पर भी उपलब्ध है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धाराएं 108 एवं 110 और कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 तथा सेबी (सूचीबद्धता के उत्तरदायित्व तथा प्रकटीकरण की आवश्यकताएं) नियम, 2015 के अनुरूप कंपनी अपने सदस्यों को इलेक्ट्रॉनीक माध्यम से अपना मत देने की सुविधा प्रसन्नतापूर्वक उपलब्ध करवा रही है। कंपनी अपने सभी सदस्यों को ऑनलाईन मतदान की सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु नेशनल सिक्योरिटीज डीपॉजीटरी लिमिटेड (NSDL) की सेवाएं ले रही है। सदस्यों से ध्यानाकर्षण हेतु निवेदन है कि दोनों ही डाक मतपत्र तथा इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान 31 जुलाई 2019 (9:00 बजे प्रातः IST) को आरंभ होकर 29 अगस्त, 2019 (संध्या 17:00 बजे IST) को संपन्न होगा। निर्देशक मंडल ने M/s श्री पी.के.सिंह एंड एसोसिएट्स, के. श्री पी. के सिंह या श्री रोहित प्रकाश प्रीत, प्रैक्टीसींग कंपनी सचिव को डाक मतपत्र / ई-वोटिंग प्रक्रिया के पक्षपात रहित एवं पारदर्शी संचालन हेतु संवीक्षक नियुक्त किया है। सदस्यों से आग्रह है कि वे कृपया ध्यान रखें कि विधिवत पूर्व एवं हस्ताक्षरित मतपत्र प्रपत्र संवीक्षक के पास 29 अगस्त 2019 को संध्या 5.00 बजे IST के पूर्व पहुंच जाने चाहिये। 29 अगस्त, 2019 को संध्या 5.00 बजे IST के पश्चात प्राप्त मतपत्र को वैध नहीं माना जाएगा।

ऐसे सदस्य जिन्हें डाक मतपत्र प्रपत्र प्राप्त नहीं हुआ है वे investors@trf.co.in को ईमेल के द्वारा अथवा कंपनी के रजिस्ट्रार एंड शेयर ट्रान्सफर एजेन्ट को ईमेल आईडी csg-unit@tsrdarashaw.com पर निवेदन करके डुप्लिकेट डाक मतपत्र प्राप्त कर सकते हैं। कंपनी की वेबसाईट http://www.trf.co.in. से भी डाकमतपत्र सूचना और डाक मतपत्र प्रपत्र भी डाऊनलोड किए जा सकते हैं।

वे सदस्य, जिनके पास अभी भी भौतिक रूप में उनके शेयर है, उनसे अनुरोध किया जाता है कि वे उन्हें (ISIN: INE391D01019 के तहत) विमुद्रीकृत रूप यानी डिमटेरियलाइज्ड फॉर्म में परिवर्तित करा लें।

डाक मतगणना के परिणाम की घोषणा कंपनी के अध्यक्ष या किसी निदेशक या कंपनी सचिव के द्वारा 31 अगस्त, 2019 अथवा इसके पूर्व ही घोषित किए जाएँगे तथा उसी दिन स्टॉक एक्सचेंज डीपॉजीटरीज, रजिस्ट्रार एंड शेयर ट्रान्सफर एजेन्ट को सूचित किए जाएंगे तथा कंपनी की वेबसाईट www.trf.co.in पर भी प्रदर्शित किए जाएंगे।

किसी प्रकार की असुविधा / शिकायत होने पर सदस्यगण श्री शुभाशीष दत्ता, कंपनी सचिव एवं मुख्य वाणिज्यक टीआरएफ लिमिटेड, 11 स्टेशन रोड, बर्मामाइन्स, जमशेदपुर - 831007, ईमेल - investors@trf.co.in; evoting@trf.co.in, फोन नं. 91-657-3046326 से संपर्क कर सकते हैं।

कृते टीआरएफ लिमिटेड

स्थान: जमशेदपुर
दिनांक: 30 जुलाई, 2019

श्री शुभाशीष दत्ता
कंपनी सचिव एवं मुख्य वाणिज्यक

श्री शक्तिश्री दास
मुख्य वित्तीय अधिकारी